हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 5 अगस्त 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 मर्दाखेड़ी रेलवे ओवरब्रिज से नीचे गिरी बाइक...



08 सावन माह के आखिरी सोमवार पर शिव भक्तों ...



## खबर संक्षेप

### पेंशन समारोह आज

**विदिशा।** सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान समारोह आज कलेक्ट्रेट में होगी। यह कार्यक्रम शाम 4 बजे से होगा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने निर्देश दिए हैं कि अधिकारियों व कर्मचारियों के तमाम दायित्वों का भुगतान सेवानिवृत्त तिथि तक अनिवार्य रूप से कराया जाना सुनिश्चित करें। जिला पेंशन अधिकारी रूपेन्द्र सिंह मरावी ने बताया कि 5 अगस्त को आयोजित होने वाले समारोह में कुल 31 सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी सम्मिलित होंगे। जिसमें जून माह के 27 और मई माह के चार अधिकारी, कर्मचारी शामिल हैं।

### काशी अयोध्या तीर्थ यात्री 13 को रवाना होंगे

**विदिशा।** वाराणसी (काशी) अयोध्या के लिए तीर्थ यात्री 9 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। मप्र के वरिष्ठ नागरिक जो 60 वर्ष से अधिक आयु के हो व आयकरदाता न हो वे ही आवेदन कर सकेंगे। विदिशा जिले से 179 तीर्थयात्रियों को वाराणसी (काशी) अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेन से 13 अगस्त को रवाना होंगे। 18 अगस्त को वापिस विदिशा आएंगे।

### करारिया थाना टीआई ने पदभार ग्रहण किया



**करारिया।** नवागत थाना प्रभारी राजपाल सिंह जादौन ने सोमवार को थाने में पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर थाना क्षेत्र के ग्रामीणों ने थाना प्रभारी का फूल माला से स्वागत किया। साफा बांधकर सम्मानित किया। इस मौके पर करारिया सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र प्रताप सिंह जादौन, हरिसिंह जादौन, देवेन्द्र साहू, भूपेन्द्र साहू, नेपाल सिंह जादौन, मुकेश साहू, गोलू खान, नदीम खान मौजूद रहे।

### छह खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड, नेशनल में चयन

**विदिशा।** कराते डव्लपमेंट एसोसिएशन युवराज कराते मार्शल आर्ट एकेडमी के 6 खिलाड़ियों ने मेडल अर्जित किए। जिनमें से गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले 4 खिलाड़ियों का नेशनल कराते प्रतियोगिता कुरुक्षेत्र हरियाणा के लिए चयन हुआ है। शाजापुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय कराते प्रतियोगिता में प्रदर्शन करते हुए गरिमा शर्मा, आयु दुबे, संस्कार सिंह, वीरेन्द्र गौड ने गोल्ड मेडल अर्जित किए। विकास सिंह भदौरिया, गतिक साहू ने सिल्वर मेंडल प्राप्त किए। इस उपलब्धि पर विधायक मुकेश टंडन, जिला खेल अधिकारी प्रदीप रावत एसोसिएशन के संरक्षक प्रदीप तिवारी, अध्यक्ष आनंद श्रीवास्तव, राहुल पंथी कोच एवं सचिव महेन्द्र पासी ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

### प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा दिलाएं

**कुरवाई।** सोमवार को कांग्रेस ने तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार नागेश पावर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भारी बारिश से किसानों को हुए नुकसान का मुद्दा उठाया गया। बाढ़ और अतिवृष्टि के कारण क्षेत्र के अधिकांश गांवों में सोयाबीन, मूंग, उड़द, मक्का की फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। कांग्रेस ने किसानों को अन्नदाता बताते हुए शासन-प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित फसलों का तत्काल सर्वे कराया जाए और नुकसान का सही आकलन कर किसानों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। कांग्रेस के जिला प्रभारी और पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर ने कहा किसान हमारे देश की रीढ़ हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी, प्रत्याशी रानी अहिरवार ने कहा कि कांग्रेस किसानों के हितों के लिए हमेशा उनके साथ खड़ी है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मजाज मोहम्मद ने कहा सर्वे कार्य में पारदर्शिता बरती जाए। प्रभावित किसानों को जल्द मुआवजा दिलाया जाए।

---

**श्रावण मास का समापन:** 5 घंटे में तय की 5 किमी की दूरी, शिव-पार्वती की झांकियां और उज्जैन से आए ढोल-ताशे दल आकर्षण का केंद्र बने

सभी धर्मों के लोगों ने की कांवड़ यात्रा पर पुष्प वर्षा

# बेतवा से जल भरकर कांच मंदिर पहुंचे कांवड़िए, 68 तीर्थों के जल से किया विश्वेश्वर महादेव का जलाभिषेक

### रास्ते में 21 स्थानों पर हुआ स्वागत, स्वास्थ्य विभाग और नपा की टीम चलती रही पीछे, महाकाल की शाही सवारी से दर्शनों के लिए उमड़े श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सावन मास के अवसर पर सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति द्वारा आयोजित भव्य कावड़ यात्रा ने विदिशा नगर को पूरी तरह शिवमय कर दिया। हजारों की संख्या में महिलाओं ने कांवड़ यात्रा में शामिल होकर श्रावण के अंतिम सोमवार को भगवान शंकर का जल अभिषेक किया। यात्रा का शुभारंभ जीवनदायिनी मां बेतवा के तट से वैदिक मंत्रोच्चार एवं पंडित संजय पुरोहित द्वारा कावड़ पूजन तथा महाकाल की शाही सवारी की पूजा-अर्चना के साथ विधिवत रूप से किया गया। रास्ते में कई स्थानों पर कांवड़ यात्रा का स्वागत किया गया।

### 68 तीर्थों के जल से किया शिव अभिषेक

यात्रा की विशेषता यह रही कि इसमें 68 पवित्र तीर्थों (भरतकूप सहित) से लाए गए जल से विश्वेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया गया। इस अद्वितीय धार्मिक आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। 5 घंटे में तय हुई 5 किलोमीटर की यात्रा अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि यह यात्रा लगभग 5 किलोमीटर लंबी थी, जिसे श्रद्धालुओं ने 5 घंटे में पूर्ण किया। महाकाल की शाही सवारी इस यात्रा का मुख्य आकर्षण रही, जिसे देखने के लिए मार्ग के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि महिला मंडल अध्यक्ष ज्योति सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन और समिति पदाधिकारियों की सक्रिय भूमिका से इतने बड़े आयोजन को सफल बनाया गया।



विदिशा। कांच मंदिर शिवालय पहुंचकर महिलाओं ने बेतवा के चल से किया भगवान भोलेनाथ का अभिषेक।

### भव्य स्वागत हुआ झांकियां व ढोल-ताशों से सजी यात्रा

यात्रा संयोजक मनीषा अखिलेश राजपूत ने बताया कि यात्रा मार्ग में 40 से अधिक स्थानों पर स्वागत द्वार बनाए गए थे। जहां विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने फूलों, मिठाइयों और जलपान से कावड़ियों का स्वागत किया। सह संयोजक रेखा मनोज शर्मा ने बताया कि भोलेनाथ एवं शिव-पार्वती की आकर्षक झांकियां और उज्जैन से आए ढोल-ताशा दल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। यात्रा के दौरान ढोल की तालों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए।

### प्रशासन व नपा का सराहनीय सहयोग

यात्रा की सुचारु व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन और नपा का विशेष सहयोग रहा। एसडीएम, कोतवाली थाना प्रभारी, सिविल लाइन थाना प्रभारी और यातायात प्रभारी लगातार यात्रा मार्ग पर निगरानी बनाए रहे। नगरपालिका की ओर से सीएमओ द्वारा सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की दृष्टि से डॉक्टरों की टीम एंबुलेंस सहित यात्रा के साथ चलती रही, जिससे चिकित्सा सुविधा की सतत उपलब्धता बनी रही। कांवड़ यात्रा में सभी धर्मों के लोगों ने भागीदारी कर पुष्प वर्षा से स्वागत किया। जिससे यह आयोजन धार्मिक समरसता और सामाजिक एकता का प्रतीक बन गया। समिति प्रवक्ता मनोज शर्मा सहित पदाधिकारियों ने कांवड़ यात्रा में सहभागी बने समस्त श्रद्धालुओं का आभार माना।

**कांवड़ यात्रा में यह हुए शामिल:** कांवड़ यात्रा में समिति के संस्थापक अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह, पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह टीलाखेड़ी, चन्द्रकुमार शर्मा, महामंत्री राहुल कुशवाहा, दीपक सक्सेना, प्रशांत रघुवंशी, नीलम राजपूत, अनामिका पचौरी, मिथलेश दांगी, कल्पना किरार, नेहा राजपूत, विधायक मुकेश टंडन, मनोज कटारे, राकेश शर्मा, शशांक भार्गव, संदीप डोगर सिंह, तेजेंद्र सिंह बन्नू भैया, दिनेश कुशवाह, ज्योति शाह, मंजरी जैन, रिंकेश श्रीवास्तव, राधिका शरण दास, विमलेश सक्सेना, हैप्पी यादव, सौरभ श्रीवास्तव, प्रियंक जैन, गोलू कुशवाह, देवांश ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में विप्रजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## प्राचीन बावड़ी से जल लेकर कांवड़ यात्रा निकाली

**शमशाबाद।** सावन मास के आखिरी सोमवार को महिला मंडल द्वारा नगर में भगवान भोलेनाथ की शाही सवारी के साथ कांवड़ यात्रा निकाली गई जिसका जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। रामजानकी मंदिर बावड़ी से पवित्र जल लेकर कांवड़ कलश यात्रा निकाली। कावड़ कलश यात्रा ढोल-ढमाकों, डीजे की धुन पर के साथ नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई शिवालय चौक शिव मंदिर पहुंची जहां भगवान भोलेनाथ का शिव अभिषेक किया गया।



शिवालय चौक मंदिर पुजारी राजकुमार पाठक ने पूजा अर्चना कराकर समिति द्वारा प्रसाद वितरण किया गया।

## अंतिम सोमवार को निकाली भव्य कांवड़ यात्रा



**कुरवाई।** प्रतिवर्ष अनुसार किस वर्ष भी सत्य श्री सनातन धर्म समिति द्वारा विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई। कावड़ यात्रा बेतवा तट मुरलीधर मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग हनुमान गंज, गांधी चौराहा, मुख्य बाजार माली तिराहा बस स्टैंड, बीना तिराहा, बीना रोड़ से होते हुए ग्राम पीरोठा स्थित प्राचीनतम शिव मंदिर दुनातर ट्रस्ट धाम पहुंची। जहां पर कावड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी वितरण किया गया। कावड़ यात्रा का मार्ग में स्वागत किया गया एवं यात्रा में शामिल दिल्ली से आई झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

---

# कांग्रेसियों ने गांधी प्रतिमा पर स्मार्ट मीटर के पोस्टर्स की होली जलाकर किया विरोध

### स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं को लूटा जा रहा है: रणधीर सिंह ठाकुर

कांग्रेस द्वारा जिलेभर में किया जा रहे हैं प्रदर्शन।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

स्मार्ट मीटर के विरोध में लगातार प्रदर्शन किए जा रहे हैं। सोमवार को गांधी प्रतिमा के सामने कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर स्मार्ट मीटर के पोस्टर्स की होली जाकर विरोध किया। इसके बाद ज्ञापन सौंपा।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व जनपद अध्यक्ष रणधीर सिंह ठाकुर ने कहा कि स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं को लूटा जा रहा है। छोटे छोटे घरों और झोंपड़ों के बिजली के बिल भी हजारों में आ रहे हैं। जिससे गरीब लोग परेशान हो रहे हैं। यदि स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक नहीं लगाई गई तो स्मार्ट मीटर के विरुद्ध नागरिकों को चेताने का काम कांग्रेस करेगी। कांग्रेस नेता सुभाष बोहत ने कहा कि सबसे पहले कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद कुरवाई तहसील में तहसीलदार और विद्युत विभाग जेईको ज्ञापन दिया। जिला मुख्यालय पर स्मार्ट मीटर के पुतले को दहन किया और अब मुख्यालय पर रैली निकालकर स्मार्ट मीटर के पोस्टर्स की होली जलाई है।

कांग्रेसियों ने रैली निकालकर कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर संतोष बिटोलिया को ज्ञापन सौंपा। प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष नितिन यादव, पूर्व जिला कांग्रेस सचिव योगेंद्र चंदेल, राजीव साहू, मनोज शर्मा, राम प्रसाद रघुवंशी,गणेश रघुवंशी, अरुण कुशवाह, दीनदयाल अहिरवार, संतोष सांवरिया, रमेश पथरौल, मुन्नालाल मैंना, विष्णु प्रसाद मारोठिया, प्रकाश लोहट सहित बड़ी संख्या में उपभोक्ता मौजूद रहे।



विदिशा। स्मार्ट मीटर के विरोध में रैली निकालकर ज्ञापन सौंपते हुए कांग्रेसी।

### बाजार में घुस रहे 3 और 4 पहिया वाहन, राखी विक्रेताओं में बढ़ा आक्रोश



**विदिशा।** बड़ा बाजार क्षेत्र में राखी की दुकानें लगी हैं। लेकिन भारी वाहनों को बाजार में घुसने से नहीं रोका जा रहा है। जिसके कारण जाम की स्थिति बन रही है। जाम लगने के कारण राखी के व्यापारियों को व्यवसाय करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि हमने नियमानुसार राशि जमा कर दुकानें ली हैं। जाम के कारण ग्राहक बड़ा बाजार में रुकते ही नहीं हैं और अन्य स्थानों पर अतिक्रमण कर अवैध तरीके से लगाई गईं दुकानों पर पहुंच रहे हैं। व्यापारियों ने कलेक्टर से अपील की है कि बड़ा बाजार क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने यातायात की पुख्ता व्यवस्था की जाए। जिससे व्यापारी अपना व्यवसाय आसानी से कर सकें। यातायात प्रभारी से भी मांग की गई है कि बड़ा बाजार में भारी वाहन प्रवेश न करें इसकी पुख्ता व्यवस्था की जाए।

# जांच में खुलासा: दिल्ली की बायोक्लोर नामक कीटनाशक ने बर्बाद की सोयाबीन की फसल

### कृषि विज्ञान केंद्र रायसेन के वैज्ञानिकों की टीम ने ग्यारसपुर पहुंचकर की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले के कई किसानों ने कृषि विभाग से सोयाबीन की फसलों पर डाली गई खरपतवारनाशी दवा के छिड़काव से फसल बर्बाद होने की शिकायत की थी। जिसकी जांच के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों व कृषि विज्ञान केंद्र रायसेन के वैज्ञानिकों की टीम ने सोमवार ग्यारसपुर के खिरिया, अटारीखेजड़ा, संतापुर, गुलाबगंज, यूसूफगंज, बसिया गाजर, मेहंदेर गांव पहुंचकर जांच की।

निरीक्षण में पाया गया कि अधिकतर किसानों ने एचपीएम केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड दिल्ली की बायोक्लोर नामक खरपतवारनाशी दवा का छिड़काव किया था। जिसके दुष्प्रभाव से सोयाबीन की फसल प्रभावित हुई। किसानों की शिकायतों और संयुक्त दल की रिपोर्ट के आधार पर इस खरपतवारनाशी दवा के क्रय, विक्रय, परिवहन एवं भंडारण पर जिले में तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह निर्णय अनुज्ञापन अधिकारी एवं उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास, जिला विदिशा द्वारा लिया गया है। डीडीए केएस खपेड़िया ने किसानों से अपील की है कि किसी भी कृषि उपयोगी रसायन की खरीद करते समय विक्रेता से पक्का बिल जरूर लें।





विदिशा। किसानों के खेतों में पहुंचकर जांच करती वैज्ञानिकों की टीम।

### इन किसानों के खेतों में जांच करने पहुंची टीम

टीम ने अटारीखेजड़ा के किसान गोविंद दांगी पिपरिया जागीर के धर्मसिंह, खिरिया गांव के श्रीराम दांगी, यूसूफगंज के रविंद्र कुर्मी के खेतों का निरीक्षण किया। निरीक्षण दल में सहायक संचालक कृषि अविना सिंह परिहार, कृषि विज्ञान केंद्र रायसेन से डॉ. पीके द्विवेदी, कृषि विस्तार अधिकारी निशि जैन, रविंद्र दांगी एवं गोपाल बघेल शामिल रहे।

---

### छात्रावास में बापू मालदेव राणा की जयंती मनाई



**विदिशा।** बापू मालदेव राणा की जयंती के अवसर पर मेहर समाज छात्रावास हरिपुरा में उनकी जयंती मनाई गई। मेहर समाज के प्रदेशाध्यक्ष मनोहर मेहरा, समाजसेवी राम भाई भोपाल ने कार्यक्रम की शुरूआत की। मेहर समाज छात्रावास समिति के अध्यक्ष मोहन सिंह मेहरा ने छात्रावास में पौधरोपण किया। इस दौरान छात्रावास संयोजक तोरण सिंह मेहरा, करण सिंह मेहर, रतनलाल मेहर, उपाध्यक्ष राम प्रसाद मेहर, मुकेश मेहर, सौरभ मेहर, आकाश मेहर, लखन सिंह मेहर, मेहर जागृति मंच के एवं रायसेन जिला अध्यक्ष नवनीत सिंह मेहर, छात्रावास समिति के सचिव शैतान सिंह मेहर, कोषाध्यक्ष मनोज पवार मौजूद रहे।

**सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों का निराकरण समय सीमा में करें: कलेक्टर**

# जुलाई के 10 हजार 795 आवेदनों का निराकरण शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सोमवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन और समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के विषयों पर आधारित आवेदनों का निराकरण समय सीमा में किया जाए।

सीएम हेल्पलाइन के तहत ग्रेडिंग माह जुलाई के 10 हजार 795 आवेदनों का निराकरण किया जाना है। इन आवेदनों के निराकरण के लिए विशेष पहल की जाए। समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के तहत 4 अगस्त की स्थिति में शामिल विषयों पर आधारित लंबित शिकायतों की कुल संख्या 2299 है। कलेक्टर द्वारा इन शिकायतों के संबंध में निराकरण के निर्देश समीक्षा के दौरान संबंधित विभागों को दिए गए हैं।

कलेक्टर ने कहा कि जो भी आवेदन प्राप्त होता है उसके संबंध में एल-1 स्तर पर स्पष्ट टीप अंकित होना चाहिए कि पात्रताधारक है अथवा नहीं। यदि मांग से संबंधित आवेदन है तो उसकी पूर्ति किस स्तर पर की जा सकती है यह एल-1 स्तर पर जबाव में दाखिल होना चाहिए। एल-2 अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखेंगे कि एल-1 के द्वारा दिए गए जबाव को कॉपी पेस्ट नहीं करेंगे। एल-1 के बाद क्या कार्रवाई संभव है ] इसको विशेष तौर पर रेखांकित किया जाए। समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर श्री गुप्ता ने पौधरोपण के संबंध में जानकारी ली।





विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर गुप्ता।

### इतनी शिकायतें लंबित

सर्वाधिक महिला एवं बाल विकास विभाग की 296 आवेदन प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से संबंधित हैं। जबकि 433 आवेदन प्रधानमंत्री किसान सम्माननिधि के पंजीयन व भुगतान से संबंधित 200 शिकायतें प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण स्वीकृति आवासों की राशि प्रदान करने के संबंध में 188 आवेदन ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई एवं पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने के संबंध में तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के माध्यम से क्रियान्वित जननी सुरक्षा योजना का लाभ न मिलने, विलम्ब से मिलने की 198 गृह विभाग से संबंधित 196, ऊर्जा विभाग की 115 शिकायतें शामिल हैं।

### गुस्साए ग्रामीणों ने फूंका जेई का पुतला



**नटेरन।** नटेरन के ग्रामीणों ने सोमवार को बिजली विभाग के जेई का पुतला जलाकर स्मार्ट मीटर का विरोध किया। ग्रामीणों ने कहा स्मार्ट मीटर लगने से बिल अधिक आ रहे हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल को ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में कहा गया कि स्मार्ट मीटर जब से लगे हैं तब से बिल अधिक आ रहे हैं। गुस्साए ग्रामीण ज्ञापन देने के बाद नटेरन बिजली विभाग कार्यालय पहुंचे। जहां जेई का पुतला दहन किया। ग्रामीणों का कहना है कि हमारा सर बिल माफ किया जाए। लगाए गए स्मार्ट मीटरों को हटाया जाए।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3200
सुजाता
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-2793
मालव शक्ति
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-2550
चना
न्यूनतम भाव-4300
उच्चतम भाव-6100
मसूर
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-9530
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3590
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-4775
सरसों
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-8400
मूंग
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-7880
धान
न्यूनतम भाव-1540
उच्चतम भाव-2920
उड़द
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-5800
अलसी
न्यूनतम भाव-6500
उच्चतम भाव-7000
तुअर
न्यूनतम भाव-5280
उच्चतम भाव-5280
बटरी
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-3100
धनिया
न्यूनतम भाव-6230
उच्चतम भाव-6230

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 9616 बोरे उपज की आवक हुई।

### ग्राम नरौदा में ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से पांच घायल, दो गंभीर

# मर्दाखेड़ी रेलवे ओवरब्रिज से नीचे गिरी बाइक, 1 की मौत, दूसरा गंभीर घायल





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

ग्राम बरेठ के पास मर्दाखेडी पर बने रेलवे ओवर ब्रिज के गड्ढे सोमवार को जानलेवा साबित हो गए। इन गड्ढों और गाय के कारण पुल से गुजर रही एक बाइक अनियंत्रित होकर ब्रिज की दीवार से जा टकराई और दोनों बाइक सवार उछलकर पुल से नीचे जा गिरे। जिससे एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

यहां उल्लेखनीय है कि ओवर ब्रिज पर बीच पुल पर विशाल और गहरे गड्ढे बने हुए हैं। पुल निर्माण के बाद ही ये गड्ढे बन गए थे, तब भी इस समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था, लेकिन न तो रेलवे विभाग ने इन गड्ढों की गुणवत्तापूर्वक मरम्मत कराई और न ही सेतु निगम ने इस ओर ध्यान दिया। परिणाम यह निकला कि घटिया मरम्मत शीघ्र ही उखड गई और गड्ढे जस के तस बन गए। इसके बाद से बार बार मरम्मत होती रहती है और हर बार मरम्मत कुछ समय बाद ही पूरी तरह गायब हो जाती है। हांलाकि इन गड्ढों के कारण पुल से गुजरने वाले वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते रहे हैं, लेकिन सोमवार को तो एक जानलेवा दुर्घटना हो गई।

बताया जाता है कि ग्राम रायपुर निवासी 19 वर्षीय मिथुन अहिरवार और उसका दोस्त 18 वर्षीय करण अहिरवार ग्राम रायपुर से ग्राम उदयपुर के नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर दर्शन करने बाइक से जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक रेलवे ओवरब्रिज पर पहुंची, तभी सामने आई एक गाय को बचाने के दौरान उनकी बाइक गड्ढों में उतर गई और अनियंत्रित होकर पुल की रैलिंग से जा टकराई। इस घटना में मिथुर और करण दोनों ही बाइक से उछलकर पुल के नीचे जा गिरे। घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने 19 वर्षीय मिथुन अहिरवार को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसके दोस्त गंभीर रूप से घायल करण को प्राथमिक उपचार देकर उच्च स्तरीय उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया।

इस घटना के बाद पुलिस ने भी अपनी जांच एवं कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में कोतवाली टीआई संजय बेदिया का कहना है कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सामने आई गाय को बचाने के चक्कर में यह घटना हुई है। पुलिस की जांच जारी है।

### श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी

गंजबासौदा। सोमवार को नरोदा गांव के पास सावन के अंतिम सोमवार को भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। यह हादसा दोपहर 3:30 बजे हुआ, जिसमें चार लोग घायल हो गए। दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। जिन्हें उच्च स्तरीय उपचार के लिए जिला चिकित्सालय विदिशा रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छपरा टपरा गांव के ग्रामीण उदयपुर में कावड़ यात्रा पूरी करने के बाद डीजे और अन्य सामान के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली से वापस लौट रहे थे, ट्रॉली में पांच लोग सवार थे। नरोदा के पास अचानक सामने से आई कार को बचाने की कोशिश में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में 12 वर्षीय वीरू कुशवाहा और 25 वर्षीय मोहित गुर्जर को गंभीर चोटें आई हैं। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया है। शेष घायलों को मामूली चोटें आई हैं, जिनका स्थानीय स्तर पर उपचार जारी है।

## वार्ड क्रमांक 1 की गली खोलने आज किया जाएगा निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वार्ड नंबर 1 मछली बाजार गेट खोलने के आदेश रेलवे अधिकारियों को दे दिए हैं। मंगलवार को क्षेत्र के विधायक हरि सिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव कार्यकर्ताओं के साथ सुबह 11 बजे इसका निरीक्षण रेलवे अधिकारियों के साथ करने जाएंगे। इस निरीक्षण में तय किया जाएगा कि कहां से रास्ता खोल दिया जाए। जिससे अधिक से अधिक नागरिकों को इसका लाभ मिल सके। नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने सभी कार्यकर्ताओं और नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे मंगलवार को सुबह 11 अटारी वाला होटल के पास उपस्थित रहें। यहां उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 1 के नागरिकों ने केन्द्रीय मंत्री के नगरागमन पर गत 6 जुलाई को गली खुलवाने का आवेदन दिया था। जिस पर रेलवे अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी थी, लेकिन गली नहीं खुल सकी थी। इसके बाद गत दिवस एक बार फिर से नागरिकों का प्रतिनिधि मंडल भोपाल पहुंचकर केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिला था और उनसे गली खुलवाने की वही मांग की थी, जिस पर केन्द्रीय मंत्री ने नागरिकों को शीघ्र समस्या समाधान कराने का आश्वासन दिया था। अब विधायक और नपाध्यक्ष के निरीक्षण के बाद गली के खुलने का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है।

## जन चिकित्सालय में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का हुआ नेत्र परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

बासौदा विकासखंड के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रमेंद्र तिवारी के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में सोमवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का नेत्र प्रशिक्षण हेतु शिविर लगाया गया। जिसमें 24 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का नेत्र परीक्षण किया गया है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रविंद्र चिड़ार एवं नेत्र सहायक दिनेश कुमार दुबे द्वारा क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की आंखों की जांच कर उचित उपचार एवं कैसे अपनी आंखों को स्वस्थ एवं सुरक्षित रखें के संबंध में परामर्श दिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के नेत्रों की जांच कर चश्मे का नम्बर निकाला गया। इस संबंध में चिकित्सा विशेषज्ञों ने सभी कार्यकर्ताओं को चश्मा लगाने व नियमित अंतराल पर जांच कराने की सलाह दी है।

## एलबीएस कॉलेज में विधिक साक्षरता शिविर एवं पौधरोपण किया आयोजित



गंजबासौदा। तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार को लालबहादुर शास्त्री महाविद्यालय में पौधा रोपण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि साक्षी प्रसाद प्रथम व्यवहार न्यायधीश कनिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी ने संविधान के मूलभूत अधिकार एवं मूलभूत कर्तव्य, साइबर क्राइम दैनिक जीवन में उपयोगी विधियां, पीड़ित प्रतिकर योजना, निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा, नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिये विधिक साक्षरता शिविर योजना 2015 के विषय जानकारी प्रदान की। शिविर में जितेंद्र सिंह सोलंकी एडवोकेट, संजीव कुमार अरोरा एडवोकेट, नेतराम रघुवंशी एडवोकेट, शेर सिंह यादव एडवोकेट, हेमंत कुमार एडवोकेट, डॉ. विमलचंद ओसवाल, प्रोफेसर रजतराम द्विवेदी, निधि शर्मा, प्रियंका द्विवेदी, तहसील विधिक सेवा समिति भारती उईके, आनंद यादव, सुनील बाबू पिंगले उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर निधि शर्मा ने किया।

## जिला स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शालेय खेलकूद प्रतियोगिता अन्तर्गत जिला स्तरीय राइफल एवं पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल के नवीन भवन परिसर में किया गया। प्रतियोगिता में गंजबासौदा और लटेरी ब्लाक की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर ब्लाक खेल अधिकारी स्वतंत्र कुमार जैन ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बासौदा और लटेरी ब्लाक के खिलाड़ी ही शामिल हुए थे। इनमें से श्रेष्ठ राइफल शूटिंग के खिलाड़ियों से विदिशा जिले की टीम तैयार की है। प्रतियोगिता के आयोजन में खेल शिक्षक स्वतंत्र कुमार जैन ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी, कपिल कुमार गौर, साहिब अली लटेरी, चेतन माथुर, रोहित रघुवंशी, गजेंद्र दांगी, मोनिका जैन, सुनील शर्मा के सहयोग से संपन्न कराई गई। चयनित खिलाड़ी आगामी माह में भोपाल में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में अपने जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी चयनित खिलाड़ियों को ब्लाक शिक्षाधिकारी परता अहिरवार, बीआरसी ब्रजेन्द्र सिंह रघुवंशी, उत्कृष्ट प्राचार्य एमसी शर्मा, सैण्ट एसआरएस डायरेक्टर केएस यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने सभी चयनित खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं।

### उदयपुर में कांवड़ियों ने किया भोलेनाथ का अभिषेक

गंजबासौदा। सावन मास के अंतिम चौथे सोमवार को नगर सहित आसपास के प्रसिद्ध शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड शिवार्चन के लिए पहुंचने लगी थी। इस अवसर पर उदयपुर प्राचीन शिव मंदिर और त्योंदा के शिव गुफा मंदिर में सैकडों कांवड यात्राओं के साथ बडी संख्या में कांवडियों ने अपने साथ लाए जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। सोमवार को उदयपुर स्थित नीलकण्ठेश्वर महादेव मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे वहीं सैकडों कांवड यात्राएं भगवान भोलेनाथ के अभिषेक के लिए पहुंचीं। जिसके चलते मुख्य चौराहे पर यातायात अव्यवस्था और फिर मंदिर में मुख्य मंडप में प्रवेश स्थल पर हजारों श्रद्धालुओं की भीडभाड़ देखी गई। वहीं ग्राम गमाखर और फूफेर के शिव मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड लगी रही और सभी ने भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर मंगल कामना की।

### गिर रहे काले कीड़े

गंजबासौदा। इन दिनों नगर में शाम होते ही काले कीड़े गिरने शुरु हो जाते हैं। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### भगवान शिव का हुआ महा अभिषेक



गंजबासौदा। बरेठ रोड वार्ड नंबर 5 स्थित बिजासन माता मंदिर में श्रावण मास के अंतिम सोमवार को भगवान भोलेनाथ का महाअभिषेक किया गया। जिसमें पंडित सुनील शास्त्री द्वारा 51 शिवलिंगों सहित लगभग 21000 रुद्री शिवलिंगों का महाअभिषेक कराया गया। जिसमें मंदिर के संस्थापक अमर सिंह कुशवाहा, संध्या यादव, मंजुलता छीपा, रेखा जोशी, सरोज विश्वकर्मा, शशि रघुवंशी, ऋषभ यादव, पुरुषोत्तम कुशवाहा, दीपक, राजकुमार, अंकुर शर्मा आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### गयाजी में निःशुल्क पिंडदान आयोजन

**गंज बासौदा।** नगर के घासीराम सेन द्वारा बताया गया कि दिनांक 7 से 21 सितम्बर तक प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गयाजी में पिंडदान प्रक्रिया निःशुल्क रहेगी। इस दौरान रुकने, पूजन की उत्तम व्यवस्था की गई है। फाल्गुन वदी व बड़ी पूजन, सीता कंड, विष्णु पद, बटवृक्ष, पितुपक्ष, प्रेतशिला सभी जगह पूजन के लिये पंडितो की अलग से व्यवस्था दी जाती है एवं विधि विधान से पूजन करवाया जायेगा, पूजन सामग्री निःशुल्क दी जाती है।

### दोपहर के समय हुई हल्की बारिश

**गंजबासौदा।** सोमवार को नगर में सुबह से धूप निकली वहीं दोपहर के बाद कुछ देर के लिए हल्की बारिश हुई। ज्ञात हो कि विगत दो दिनों तक रुक रुक कर बारिश होने के बाद सोमवार को इलाके में बारिश का दौर बंद रहा। मौसम खुला रहा हल्की धूप निकली।

## लायंस क्लब का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

रविवार को लायंस क्लब के 9वें अध्यक्ष के रूप में लायन विजय अरोरा को संस्थापन समारोह में शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संस्थापन अधिकारी एम जे एफ पूर्व मल्टीपल कौंसिल सचिव अतुल रत्न शाह ,राजेश तिवारी, रीजन चेयरपर्सन लायन मुदित बंसल, जॉन चेयरपर्सन लायन अनामिका पचौरी द्वारा दीप प्रचलन कर किया गया। ध्वज वंदना लायन निक्की गर्ग द्वारा प्रस्तुत की गई। पूर्व अध्यक्ष लायन माधवी भाटिया ने पुष्प गुच्छों से अतिथियों का स्वागत किया। शपथ विधि कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन विजय अरोरा, सचिव लायन मधु लता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन आशा अग्रवाल को नियुक्त किया गया। लायन आरती गर्ग, मनिशा गोयल, निक्की गर्ग, शिवांगी दुबे, माधवी भाटिया, विजिन कॉर्डिनेटर लायन विनीता गोयल, नीलम रघुवंशी को विभिन्न समितियां विभिन्न कार्यकारिणी का कार्यभार सौंपा गया। मुख्य अतिथि अतुल शाह ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लायंस के द्वारा की जाने वाली सेवा गतिविधियां और फेलोशिप के फायदे के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि राजेश तिवारी ने स्थानीय स्तर पर क्लब द्वारा स्थाई प्रकल्प बनाने के लिए प्रेरित किया। लायन विजय अरोरा ने बेहतर सेवा कार्य करने का आश्वासन दिया। रीजन चेयरपर्सन लायन मुदित बंसल ने दो नए सदस्य चंद्रकांता नामदेव, साधना श्रीवास्तव द्वारा क्लब की सदस्यता शपथ दिलाई। सेवा गतिविधि के अंतर्गत दो बिन मां-बाप की बच्चियों को स्कूल यूनिफार्म और ऑटो के रुपए तथा समाजसेवियों ने 5000 रुपये आर्थिक सहायता प्रदान की गई। लायन सी एल गोयल द्वारा 11000 रुपए आर्थिक सहायता प्रदान की। क्लब के स्पॉन्सरशिप में लायन मेघा दुबे द्वारा एक नवीन क्लब का गठन करने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में अशोक कोठारी, घनश्याम बंसल सहित विभिन्न संस्थाओं के अधिकारी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन नीलम रघुवंशी ने तथा आभार मधुलता अग्रवाल ने माना।

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं भारत सिंह पता ग्राम खैराई थाना पोस्ट थाना नटेरन जिला विदिशा मध्यप्रदेश पिन-464258 पिता और मैं ममता रघुवंशी माता, नंबर 21020165L हवलदार (क्लर्क) अंकित रघुवंशी पता ऊपर के समान, सेना सेवाओं में कार्यरत है हमारे बेटे के सेवा रिकॉर्ड में हमारे नाम गलती से भारत सिंह रघुवंशी और ममता रघुवंशी (MAMATA RAGHUWANSHI) दर्ज है, लेकिन हमारे वास्तविक नाम भारत सिंह और ममता रघुवंशी (MAMTA RAGHUWANSHI) है जैसा कि हमारे सभी संबंधित रिकॉर्ड में है।

भवदिय **रूचि जैन** (एडवोकेट)
मों. 9713592707

### फूलों के झूले में विराजे राधा-माधव की सजी जीवंत झांकी

# नौलखी आश्रम में धूमधाम से मनाया गया झूलन उत्सव महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सावन का महीना, हरियाली से लिपटा धरती का आँचल, मंद-मंद पवन की सरसराहट, बादलों की गड़गड़ाहट के बीच रिमझिम फुहारें...यही तो वह माहौल है जिसमें भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी का झूलन उत्सव मनाने का आनंद कई गुना बढ़ जाता है। सावन का महीना आते ही बेत्रवती नदी के तट पर बसा नौलखी आश्रम भक्ति-रस से भर उठता है। ऐसे ही पवित्र समय में रविवार रात आश्रम में आयोजित हुए वार्षिक झूलन उत्सव में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। रात के आलोक, झिलमिल रोशनी और बेत्रवती के जल में झांकते मंदिर के प्रतिबिंब ने झूलन उत्सव को और भी अलौकिक बना दिया। नगर सहित दूर-दराज़ के गाँवों से आए श्रद्धालुओं ने इस महोत्सव को भक्ति-भाव में डूबते हुए अद्भुत भव्यता, दिव्यता और भक्ति-रस से ओतप्रोत होकर मनाया। आश्रम परिसर को झिलमिल लाइटों, रंग-बिरंगी झालरों, आम के पत्तों की पावन तोरण और ताजे फूलों के हारों से सजाया गया था। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो ब्रज मंडल आज आश्रम में उतर आया हो और स्वयं वृंदावन ने आकर गोकुल की गलियों में प्रवेश कर लिया हो। शाम से प्रारंभ हुआ झूलन उत्सव का आयोजन देर रात तक चलता रहा। उत्सव के समापन पर आयोजित हुए भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। ज्ञात हो कि सावन-भादौं का महीना आते ही सनातन परंपरा के अनेक पर्व-त्योहार जीवंत हो उठते हैं। इन्हीं में से एक है झूलन उत्सव, जो भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी के प्रेम और लीला का प्रतीक है। साकेतवासी सिद्ध संत बाबा जगन्नाथदास जी महाराज द्वारा बेतवा घाट पर स्थापित नौलखी आश्रम में रविवार की रात धूमधाम के साथ आयोजित हुए झूलन उत्सव में भक्ति, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक सनातनी परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। आश्रम में राधा-कृष्ण की एक झूले में जीवंत झांकी, तो फूलों से सजे दूसरे झूले में विराजमान ठाकुर जी का विग्रह और भजनों की गूंज ने वातावरण को साक्षात ब्रजधाम में बदल दिया। भक्तों ने प्रेम, भक्ति और आनंद से ओत प्रोत होकर ठाकुर जी को झूला झुलाते हुए आनंद उत्सव मनाया। आश्रम हर वर्ष झूलन उत्सव को बड़े हर्षोल्लास से मनाता है। यहाँ के आयोजनों की विशेषता यह है कि इसमें किसी भी जाति, वर्ग या आयु का भेदभाव नहीं होता। सभी भक्त एक परिवार की तरह मिलकर आयोजन में भाग लेते हैं। आश्रम के महंत राम मनोहर दास महाराज ने कहा कि झूलन उत्सव केवल एक धार्मिक उत्सव या आनंद का पर्व नहीं, बल्कि हमारे जीवन का दर्पण है। यह हमें सिखाता है कि जीवन के उतार-चढ़ाव में संतुलन बनाए रखना चाहिए। जैसे राधा और कृष्ण प्रेम में लीन हैं, वैसे ही हमें भी ईश्वर प्रेम में लीन रहना चाहिए। झूला जीवन की तरह ऊपर-नीचे चलता रहता है, लेकिन संतुलन बनाए रखना ही भक्ति का मार्ग है। उन्होंने भक्तों से आह्वान किया कि भक्ति के साथ-साथ सेवा और सदाचार को भी जीवन में अपनाएँ, ताकि समाज में समरसता, प्रेम और एकता का संदेश फैले। पुजारी अमित महाराज ने बताया कि नौलखी आश्रम में विराजमान भगवान जगन्नाथ स्वामी, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा जी के साथ-साथ सीताराम भगवान के विग्रहों का सावन की थीम पर विशेष श्रृंगार किया गया। झूले को कमल के फूलों और आम के पत्तों से पूरी तरह ढक दिया गया था, जिससे उसका दृश्य किसी पुष्प मंदिर जैसा हो गया। राधा कृष्ण के भेष में दो छोटे बच्चों को झूले में विराजमान किया गया। मंदिर की सजावट देखते ही बन रही थी।

महिलाओं-युवाओं के साथ उत्साह से शामिल हुए बच्चे,15 किलोमीटर तक गुजरा जत्था

# भोलेनाथ के जयकारों के साथ निकली ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा

बोल बम के जयकारों के साथ केशरिया वस्त्रों से सज धजकर, कांधे पर कांवड़ लेकर सावन के चौथे सोमवार की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

बोल बम के जयकारों के साथ केशरिया वस्त्रों से सज धजकर, काँधे पर काँवड़ लेकर सावन के चौथे व अंतिम सोमवार को बाबा विश्वनाथ धाम सेवा समिति के तत्वाधान में विशाल काँवड़ यात्रा निकाली गई। नगर के नागेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई इस कांवड़ यात्रा में करीब 10 हजार से अधिक हर आयुवर्ग के श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। समिति के संरक्षक एवं क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन में बाबा विश्वनाथ के धाम देवपुर तक करीब 15 किमी तक के लिए निकली इस कांवड़ यात्रा का नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों ने जगह जगह धूमधाम से स्वागत किया। पूर्व मंत्री स्व.लक्ष्मीकांत शर्मा के द्वारा भव्यता के साथ प्रारम्भ की गई इस काँवड़ यात्रा का यह लगातार पंद्रहवां वाँ वर्ष था। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे सुभाष नगर स्थित नागेश्वर महादेव मंदिर पर पूजा अर्चना उपरांत कृषि उपज मंडी प्रांगण से शुरू हुई विशाल काँवड़ यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई सिकन्दरपुरा नीलकंठ मंदिर मार्ग से आरोन मार्ग पर पहुंची। तो वही समाजसेवियों ने इसी मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए खीर,फल फलाहार भंडारे एवं ठंडे पानी के स्वागत पांडाल लगाए थे यहाँ हमेशा की तरह सोमवार को काँवड़ियों को प्रसादी वितरण की गई।






## बम भोले के जयकारों से गूंजी सिरोंज

काँवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए बाबा विश्वनाथ सेवा समिति के आव्हान पर हमेशा की तरह काँवड़िए सुबह 9 बजे से कृषि उपज मंडी परिसर में एकत्रित होने लगे थे। करीब साढे बारह बजे पूजा अर्चना उपरांत जब यात्रा प्रारम्भ हुई तो बम बम भोले के जयकारों की गूंज पूरे शहर में सुनाई दी। समिति के आव्हान पर नागरिको ने आकर्षक ढंग से काँवड़ भी सजाई थी। समापन अवसर पर देवपुर में आयोजित कार्यक्रम के समापन पर समिति द्वारा इनको पुरुस्कृत किया गया।

## पालकी में सजी बाबा विश्वनाथ की शाही सवारी

काँवड़ यात्रा समिति द्वारा विशेष रूप से उज्जैन के बाबा महाकाल की तर्ज पर बाबा विश्वनाथ की आकर्षक पालकी सजाई गई थी। पालकी में बाबा विश्वनाथ के मुखौटे को स्थापित कर पूजा अर्चना उपरांत कांवड़ यात्रा में शामिल किया गया। करीब तीन से चार घंटे में पैदल चलकर पहुंचे यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने काँवड़ के जल से बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक किया। तो वही विधायक उमाकान्त शर्मा ने भी काँवड़ के जल से बाबा विश्वनाथ का पूजन अभिषेक कर क्षेत्र के सुख समृद्धि कल्याण की कामना की।

## झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

इस कांवड़ यात्रा में इस बार संत रविदास जी,संत कबीरदास जी, की तस्वीरों को रथ पर सजाया गया था। इसके अलावा एक अन्य जीप पर कांवड़ यात्रा प्रारंभ करने वाले पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा के चित्र को भी विशेष रूप से इस यात्रा में समिति के सदस्यों द्वारा शामिल किया गया था। इसके अलावा कांवड़ यात्रा में भगवान भोलेनाथ,माता काली एवं राधारानी संग झांकी भी शामिल की गई थी। जो आकर्षण का केंद्र रही। इस झांकी में आकर्षक नृत्य का आनंद भी श्रद्धालुओं ने लिया। टॉकीज चौराहे पर विधायक उमाकांत शर्मा ने कांवड़ यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं तथा झांकियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत भी किया।

## बाबा विश्वनाथ की नगरी देवपुर से होती हे हमारे क्षेत्र की पहचान

काँवड़ यात्रा के देवपुर पहुँचने के उपरांत सभा मंडप में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शर्मा ने कहा कि बाबा विश्वनाथ की नगरी देवपुर हमारे क्षेत्र का प्रमुख तीर्थ स्थल है यहां लगभग सभी समाजों के मंदिर स्थापित है। इस क्षेत्र के विकास के लिए हम सदैव कृत संकल्पित है। पूर्व में जब स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा मंत्री थे तब उन्होंने यहां के अनेक विकास कार्यो के साथ ही मंदिर तक जाने के लिए पुल सहित सौंदर्यीकरण के विकास कार्य करवाए थे।



## भोले नाथ के जयकारे लगाते हुए कांवड़िया पहुंचे देवपुर धाम

**सिरोंज।** प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष भी ग्राम शाहपुर से तीर्थ क्षेत्र धाम देवपुर तक कावड यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कावड यात्रा में बडी संख्या में ग्रामीणो ने हिस्सा लिया। तो वही भोलेनाथ के भजन गाते हुए अपने हाथो में कावड व ध्वज लिए ग्रामीण देवपुर धाम पहुचें जहा ग्रामीणो ने कावड के जल से बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर समाजसेवी देवेन्द्र कुशवाह ने बताया कि बाबा विश्वनाथ की असीम कृपा से विगत कई वर्षो से ग्राम शाहपुर से ग्रामीणो द्वारा कावड यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी कावड यात्रा में बडी संख्या में ग्रामीणो ने हिस्सा लिया और भोले के जयकारे लगाते हुए तीर्थ क्षेत्र धाम देवपुर धाम पहुंचे।



## श्री अमरनाथ दरबार में दिनभर लगी रही भक्तों की भीड़

**सिरोंज।** सावन माह के चतुर्थ सोमवार को ग्राम पिपलिया हाट स्थित बाबा अमरनाथ दरबार में प्रातः 6 बजें से ही भक्तो का बडी संख्या में तांता लगा रहा। भक्तो ने भोले का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। श्री अमरनाथ बर्फानी सेवादल के सदस्यो द्वारा अमरनाथ दरबार में आने वाले श्रद्धालुओ के लिए अबीर गुलाल से स्वागत कर प्रसादी का वितरण किया। तो वही दिनभर मंदिर परिसर में भोले नाथ के भजन कीर्तन का सिलसिला देर रात्रि तक जारी रहा। वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट महेश शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष सावन माह के प्रत्येक सोमवार को श्री अमरनाथ दरबार में भक्तो की भीड देखी जाती है। श्री अमरनाथ बर्फानी सेवादल दल द्वारा सावन माह के प्रत्येक सोमवार को प्रसादी वितरण की जाती है। दरबार में श्रद्धालु का सेवादल के सदस्यो द्वारा विशेष रूप से स्वागत करते है।

## ग्राम गरेठा से 251 फीट लंबी चुनरी चढ़ाने मां जानकी धाम पहुंचे श्रद्धालु




*सिरोंज। ग्राम गरेठा माता मंदिर से प्रतिवर्ष की भाति इस भी ग्रामीणो द्वारा विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर डीजे पर बज रहें माता के भजनो के साथ मां जानकी के जयकारो के साथ हजारो की संख्या में श्रद्धालु मां जानकी धाम करीला पहुचें। जय माता दी के नारे लगाते हुए बड़ी संख्या में देवी भक्त हाथों में माता की चुनरी लेकर मां जानकी दरबार में पहुंचे। यह चुनरी यात्रा ग्राम गरेठा से लगभग 25 किमी की दूरी तय करके ग्राम बामौरीशाला स्थित मां जानकी धाम पहुची। तो वही 251 मीटर लंबी चुनरी चढाने के लिए ग्रामीण गाजे बाजों के साथ मैया के दरबार में पहुचें। इस मौके पर ग्राम पंचायत गरेठा सरपंच प्रतिनिधि हेमन्त राजपूत,वरिष्ठ समाजसेवी राम बाबू कुर्मी,युवा पत्रकार सौरभ साहू द्वारा जगह जगह श्रद्धालुओं का फूलो की वर्षा कर स्वागत किया।*

जीवदया के लिए हार्दिक की अपील

# सरकार जनता को बताए शांति का प्रतीक कबूतर है या नहीं!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

समाज को जागृत करने के उध्देश्य से आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने हरिभूमि से चर्चा कर बताया कि देश भर में दाना खाने वाले कबूतरों सिर्फ़ मुंबई में ही रोग फैलाते है क्या। वह कबूतरों से रोग होता है ऐसा क़ानून को बताके क़ानून से सभी कबूतरों को मरने छोड़ दिया।



कहा है मानवता न्याय मूर्ति का आदेश कबूतरो को दाना दोगे तो दाना देने वाले पे भी एफ़आईआर हो। वो भी भारतीय जनता पार्टी के राज में, जिनको देश की जनता ने इस लिए राज पर बिठाया था की देश के राज्यो में सुशासन चले, लेकिन यहाँ तो ना हथनी सलामत है,ना कबूतरों। हार्दिक हुंडिया की देश के तमाम देशप्रेमीओ से कहा कि क़ानून की लड़ाई क़ानून से लड़ो,रैलिया,मोर्चा इस का विकल्प नहीं है। समाज क़ानून के जानकार वरिष्ठ धाराशास्त्रीओ से सलाह लो,उनका साथ लो,जो अन्याय अबोल जीवो पे हो रहा है वो नयायमूर्तिओ तक पहले पहोचाओ। क़ानून से जो भी आदेश आया है वो आदेश ग़लत है या सही वो उनके तक पहोचाओ। जीवदया के नाम पे करोड़ो रुपया इकट्ठा करने वालो को पूछो की आप ने रूपिया का कहा पे क्या उपयोग किया। एक तरफ़ शांति नाथ दादा के एक भव में कबूतर जिनकी शरण में आया था वो कबूतर को बचाने उनके वजन के जितना ख़ुद का मांस निकाल के दे दिया था। वो शांति नाथ दादा के भक्तों आज कहा है निर्दोष,राष्ट्र के शांति के प्रतीक कबूतरो की जान जा रही है तो हमे वरघोड़ा,स्वामी वात्सल्य कैसे सूजता है जीवदया हमारी कुलदेवी है। जीव तड़फ़ तड़फ़ कर मर रहे है और हमे शिखाया जाता है की आयंबिल करो। ये कैसी जीवदया ये कहने वाले के पर कोई जीव पे जान लेवा हमला हो रहा है, तब लोग तमासा देखे आप की जान जा रही है,आप को मारते हुये आप का वीडियो उतर रहा है,कोई कहेगा ये मर रहे है, इनको शाता हो इस लिये आयंबिल करो तब कैसा लगेगा। उन्होने कहा कि हमारी जीवदया के प्रति खुमारी जीवदया के नाम पे ख़ुद की जीवदया करने वालो को समाज के सामने खुल्ला करो, यदि आप ने उनको जीवदया के नाम पे रूपिया दिया हो तो पूछो की क्या किया हमारे रूपिया का कहीं आप के रुपिया से ग़लत काम तो नहीं हो रहा है।

## देवपुर धाम से वापस लौटे रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटी



**सिरोंज।** ग्राम देवपुर बाबा विश्वनाथ के दर्शन कर वापस लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी एक ट्राली ग्राम भरनाखेडा के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे ट्राली में सवार लगभग 20 से 25 श्रद्धालु नीचे जा गिरे। तो वही राहगीरो द्वारा घायल श्रद्धालुओं को 108 की मदद से उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय भेजा गया। मिली जानकारी अनुसार ग्राम रमपुरा जागीर से श्रद्धालुओं का एक जत्था बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने के लिए देवपुर धाम पहुचा था। तो वही दर्शन कर वापस लौटते समय ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे आरोन रोड पर काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही। वही ट्रैक्टर की मदद से ट्राली को सीधा किया गया।

# जनता को आवागमन के दौरान ना हो परेशानी

## सड़क पर खड़े वाहनों के खिलाफ पुलिस के द्वारा की जा रही चालानी कार्रवाई

◆ अधिकारियों के आदेश पर सड़क चौड़ीकरण के लिए पूर्व के निर्माण को तोड़ रही नगर परिषद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नागरिकों को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए पूर्व में नगर परिषद के द्वारा जहां नवीन टॉकीज के सामने बने फब्बारे को तोड़कर डिवाइडर लाइन का निर्माण किया गया था जिससे कि लोगों को आवागमन के दौरान परेशानी का सामना न करना पड़े। लेकिन यह निर्माण होने के साथ ही यहां पर अतिक्रमणकारियों के द्वारा पुनः अतिक्रमण चालू कर दिया गया था।

वहीं विगत दिनों मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के नगर आगमन के दौरान नवीन टॉकीज रोड पर अतिक्रमण के कारण लोगों को परेशान होते हुए देखा गया जिसको लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा आनन-फानन में वहां से अतिक्रमण और खड़े वाहनों को हटवाया गया। वहीं आगामी दिनों में यहां पर यातायात अवरुद्ध की समस्या निर्मित ना हो जिसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने इस निर्माण को तोड़ने के निर्देश दिए।

वर्तमान में नगर परिषद द्वारा इस निर्माण को तोड़कर साफ किया जा रहा है। नगर में जाम की स्थिति ना बने इसे लेकर पुलिस सड़क पर खड़े दो पहिया व चार पहिया वाहनों पर कार्रवाई प्रारंभ कर रही है।

इस संबंध में थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य राज्य मंत्री के नगर आगमन के दौरान उनके द्वारा यह निर्देश दिए थे कि नगर में खासकर मुख्य मार्ग, सब्जी मंडी, छोटा बाजार, बड़ा बाजार, नवीन टॉकीज क्षेत्र में जाम की स्थिति निर्मित ना हो क्योंकि आने वाले दिनों में रक्षाबंधन का त्यौहार है। जिसको लेकर पुलिस के द्वारा 29 जुलाई से ही प्रतिदिन नगर में चालानी कार्रवाई की जा रही है।



### निर्माण को तोड़कर किया जा रहा सड़क चौड़ीकरण

*जब इस संबंध में सीएमओ हरिशंकर वर्मा से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि पूर्व में किए जाने वाला निर्माण यातायात को सुचारू रूप से जारी रखने एवं जाम की स्थिति ना बने जिसको लेकर किया गया था। लेकिन अतिक्रमणकारियों के द्वारा यहां पर पुनः अतिक्रमण किया जाने लगा था और यहां पर पार्किंग के रूप में वाहनों खड़े किए जा रहे थे । जिसको लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा प्राप्त निर्देश के आधार पर यहां के निर्माण को तोड़कर सड़क चौड़ीकरण का कार्य जारी है।*

आलू छोड़ सभी सब्जियां 60 रू किलो से ऊपर

# बारिश के कारण स्थानीय कछबाड़ों से नहीं निकल रही हरी सब्जियां

## बाहर की मंडियों से आने के कारण सब्जियों के दाम छू रहे आसमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

बीते दो सप्ताह से रूक-रूक कर क्षेत्र में हो रही बारिश के चलते सब्जी के पौधें अधिक नमी के कारण गल गए हैं। खेतों में पानी भरने से हरी सब्जियों की बेल, पौधों में फूल आना फल लगना लगभग बंद सा हो गया है। जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्र में पैदा की जाने वाली सब्जी का उत्पादन बंद हो गया है। अब बाहर की मंडियों से नगर में सब्जी की पूर्ति की जा रही है ऐसी स्थिति में अचानक से सब्जी की कीमतों में उछाल देखा जा रहा है।

बता दे की मंडी में सबसे सस्ती सब्जी में सिर्फ आलू ही अपना कदम जमाऐ हुए हैं । बाकी अन्य सब्जियां 50 रुपए किलो से नीचे नहीं है। हरी मिर्च 80 रू. किलो तो शिमला मिर्च, गिलकी, बेंगन, भिंडी के भाव 40 से 80 रू. किलो के बीच पहुंच गए है। कुछ हरी सब्जियां तो दुकानों से गायब हो गई है। ककडी, कद्दू, लौकी, टमाटर, कटहल के भाव 50 रू. किलो हो गए है।

इस संबंध में सब्जी के होलसेल विक्रेता राम प्रकाश ठाकुर ने बताया कि सब्जी की कीमतों में आने वाले सप्ताह से और उछाल आएगा। क्योंकि स्थानीय स्तर पर पैदा होने वाली सब्जी बारिश के कारण बंद हो चुकी है। उन्होंने बताया कि जो टमाटर आज 50 किलो बिक रहा है वह छिंदवाड़ा मंडी से आ रहा है। इसके बाद बेंगलुरु से टमाटर आएगा जो 100 रु. किलो से ऊपर बिकेगा। बाहर से आ रही हरी सब्जियों की गुणवत्ता ठीक न होने के साथ भाव भी आसमान छू रहे है।



सामान्य हरी सब्जियों के भाव दो-तीन गुना तक हो जाने से गरीब, सामान्य परिवारों की थालियों से गायब होने लगी है। एक माह पूर्व तक इन्हीं हरी सब्जियों के भाव 15 से 30 रू. किलो अधिकतम हुआ करते थे। सब्जी मंडी के थोक व्यापारियों का कहना है, कि बारिश के कारण आसपास के सब्जी उत्पादक ग्रामों से आवक बहुत कम हो रही है।

धान उत्पादक किसानों के लिए अतिरिक्त राशि का खर्च बढ़ा

# मूसलाधार बारिश के कारण फूटी धान की क्यारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

गत दिवस क्षेत्र में 72 घंटे तक होने बाली जोरदार बारिश के कारण जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त हुआ है वहीं नगर एवं क्षेत्र की निचली बस्ती और नदी किनारे बसे ग्रामीण क्षेत्रों मे लोगों को परेशान होते हुए देखा गया है। इसके साथ ही क्षेत्र का किसान भी इस समस्या से अछूता नहीं बचा।

इस तेज बारिश के कारण धान उत्पादक किसानों जिनमें वह किसान जिन्होंने मूंग कटाई के तत्काल बाद धान की रोपाई कर दी थी तो वहीं दूसरी ओर ऐसे किस जिन्होंने अभी एक सप्ताह पहले ही धान की रोपाई की थी। ऐसी स्थिति में दोनों ही किसान परेशान देखे गए। क्योंकि लगातार 72 घंटे तक होने वाली इस बारिश के कारण धान की क्यारियां फूट गई जिन किसानों के द्वारा पहले पानी भरा था वह भी अब क्यारीयों में नहीं बचा है।

वहीं दूसरी ओर वह किसान जिन्होंने अभी एक सप्ताह है पहले ही धान की रोपाई की थी वह भी अधिक पानी होने के कारण मिट्टी से उखाड़ कर पानी में तैरते हुए नजर आईं। इस संबंध में चार गांव के धान उत्पादक किसान अमित रावत ने बताया कि इस होने वाली बारिश के कारण किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है।

क्षेत्र में जनजीवन, अर्थव्यवस्था और धान की क्यारियों पर बुरा असर पड़ा है। बारिश के कारण सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, जिससे लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही, बारिश के कारण धान की क्यारियां भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। इसके अलावा, कई घरों में पानी घुस गया है, जिससे लोगों को अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा था।



### बिगड़ा लागत का बजट

इस संबंध में कृषक मयंक वर्मा ने बताया की जाने वाली किसानी को लेकर किसान के द्वारा फसल लगाने से लेकर कटाई तक एक निश्चित बजट बनाया जाता है लेकिन अचानक से होने वाली इस बारिश के कारण जहां किसानों को अपनी क्षतिग्रस्त क्यारियों को सही करवाने में अलग से राशि खर्च करना पड़ेगी वहीं दूसरी ओर जिन किसानों ने बारिश शुरू होने से पहले ही धान की रोपाई की गई थी जो की पानी में बह गई है वह किसान अब यहां वहां से नया रोपा लेंगे और फिर से धान की रोपाई करवाने के कारण उन्हें अलग से मजदूरों को मेहनताना देना पड़ेगा।

जब संबंध में कृषि विभाग के अधिकारी धरम सिंह से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि इस बार क्षेत्र में किसानों के द्वारा आज दिनांक तक लगभग 53 हजार हेक्टेयर में धान की रोपाई की गई है एवं अभी भी वर्तमान में कई स्थानों पर धान की रोपाई चालू है जो कि आगामी दिनों में रकवा बढ़ेगा । वहीं उन्होंने बताया कि होने वाली बारिश प्राकृतिक आपदा है हां यह सही है कि इसके कारण किसानों को अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ेगा। क्योंकि क्यारियां फूट गई है तो कई स्थानों पर धान पानी के साथ बह गई है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा पर्यूषण पर्व, जैन समाज की बैठक हुई संपन्न

**बरेली।** आगामी 27 अगस्त से प्रारंभ होने वाले जैन समाज के आत्म शुद्धि दस लक्षण महापर्व की तैयारी को लेकर सकल दिगंबर जैन समाज की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विमल सिंघई की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस दौरान समिति के सदस्य और पदाधिकारी ने दस लक्षण पर्व धूमधाम से मनाए जाने को लेकर समिति के द्वारा तैयार कार्यक्रम की रूपरेखा से समाज को अवगत कराया। साथ ही बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओ ने बैठक में उपस्थित होकर अपने महत्वपूर्ण अमूल्य सुझाव दिए।



iti.kbtgroup.in
K.B.T.
PRIVATE ITI
Institute Code - PR23000909
NCVT नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त
NH-146,Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
ELECTRICIAN 2 Years 10th & 12th Pass (Math/Science)
HEALTH SANITARY INSPECTOR 1 Year-10th Pass
City Office : Cist College Near Water Tank, Arihant Vihar, Vidisha (M.P.)
07592-403481,796042,9893708149

# सावन माह के आखिरी सोमवार पर शिव भक्तों ने दिखाया उत्साह, जिलेभर में निकली कांवड़ यात्राएं

## कांवड़ यात्रा में गूंजे बम-बम भोले, हर-हर महादेव के जयकारे, किया शिवाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सावन के आखिरी सावन सोमवार को बना सर्वार्थ, ब्रम्ह और इंद्र योग का संयोग। हर साल की तरह इस साल भी चौथे सावन सोमवार के पावन अवसर पर माध्यम ग्रुप रायसेन की ओर से विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई। जिसमें उत्साहित होकर कावड़ियों ने बम-बम भोले, हर-हर महादेव के जयकारे भी लगाए। कावड़ यात्रा में कावड़ियों का जोश और उत्साह देखते ही बन रहा था। कावड़ यात्रा में हर घर तिरंगा अभियान आजादी के अमृत महोत्सव की झलक देखने मिली। युवा हाथों में तिरंगा फहराते हुए कावड़ यात्रा में शामिल हुए।

कावड़ यात्रा सिद्ध हनुमान मंदिर पाटनदेव से सुबह 11.30 बजे डीजे ढोल नगाड़ों के बीच शुरू हुई। विशाल कावड़ यात्रा की शुरुआत माध्यम ग्रुप के प्रमुख एवं नपाध्यक्ष सविता जमना सेन के नेतृत्व में हनुमान मंदिर में पूजन आरती के बाद गई। यह कावड़ यात्रा पीएमश्री कॉलेज, सागर भोपाल तिराहा, श्रीरामलीला गेट, महामाया चौक से होते हुए इंडियन चौराहा से दुर्गा चौक तिपट्टा बाजार मालीपुरा से होती हुई नरापुरा पहुंची। जहां से कावड़िए पदयात्रा करते हुए किले पर सीढ़ी द्वार से सोमेश्वर धाम मंदिर पहुंचे।

कावड़ यात्रा का जगह-जगह शिव भक्तों ने फूल बरसा कर स्वागत किया।



### ये रहे आकर्षण के केंद्र

शहर में निकाली गई कावड़ यात्रा में उज्जैन की जय महाकाल डमरू पार्टी, रामतूला ढपला पार्टी, दुलदुल घोड़ी, लहंगी पार्टी आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं भगवान शिव-पार्वती एंड पार्टी का तांडव अघोरी नृत्य, भूत प्रेत पिशाच पार्टी का डांस, शिव-पार्वती की झांकी शानदार तरीके से प्रस्तुत की गई। कावड़िए कलश में नर्मदा जल लेकर शामिल हुए जो भगवा टी-शर्ट और महिलाएं केसरिया साड़ियों में अलग ही नजर आए। पाटनदेव पर भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा और मित्र मंडली द्वारा विधायक प्रतिनिधि जमना सेन, नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन का स्वागत किया और यात्रा के लिए बधाई दी।



### सोमेश्वर महादेव की हुई महाआरती

*माध्यम ग्रुप द्वारा भगवान सोमेश्वर महादेव का जल अभिषेक कर आरती पूजन की। महिला-पुरुष कावड़ियों द्वारा पाइप लाइन के जरिए जल कलश से नर्मदा जल से अभिषेक किया। सुबह के समय सोमेश्वर मुक्ति मोर्चा के सदस्य राहुल परमार, पार्षद योगिता परमार द्वारा भगवान महादेव की पूजन महाआरती की गई।*

### तिरंगा अभियान की दिखाई दी झलक

*शहर में निकाली गई कावड़ यात्रा में देश की आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा अभियान की झलक देखने को मिली। युवाओं की टोलियां हाथों में राष्ट्रीय तिरंगा थामे फहराते हुए शामिल हुए। युवाओं की टीम ने भारत माता की जय, हर हर महादेव बम बम भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।*



### सांचेत के 11 शिवभक्तों ने किया गांव के 11 शिवालयों में मां नर्मदा जल से जलाभिषेक

*रायसेन। सांचेत कस्बा सांचेत में शाम को 11 शिव भक्तों का समूह ट्रेक्टर ट्राली से मां नर्मदा से कावड़ भरने ग्राम बगलवाड़ा पहुंचे और मां नर्मदा में स्नान कर कावड़ भर कर पैदल यात्रा की। जिसमें सभी भक्तों ने 125 किलोमीटर की यात्रा 4 दिनों में सोमवार को सुबह पूरी की। जिसमे सभी भक्त नाचते गाते झूमते पहले दिन शुक्रवार को बाड़ी विश्राम किया और दूसरे दिन बाड़ी से चादनगोड़ा और तीसरे दिन मां छोले बाली मैया के मंदिर पर खंडेरा विश्राम किया और चौथे दिन सोमवार को ग्राम सांचेत के सभी 11 शिवालयों में मां नर्मदा के जल से सभी भक्तो द्वारा जलाभिषेक किया गया।*

### पूजा-अर्चना कर किया अभिषेक

## शिवालयों में श्रद्धालुओं का उमड़ा भारी सैलाब



**हरिभूमि न्यूज, सिलवानी।** भगवान शिव का माह कहे जाने वाले सावन माह के अंतिम सोमवार को शिवालयों में भगवान भोलेनाथ की आराधना करने श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं द्वारा भक्तिभाव से भगवान शिव की आराधना की गई। सुबह से ही श्रद्धालु हाथों में पूजन सामग्री का थाल थामें हर हर महादेव का जयकारे लगाते हुए शिवालयों की तरफ बढ़े तो समूच माहौल शिवमय देखा गया।

नगर के बजरंग चौराहा, राम मंदिर जमुनियापुरा, गांधी आश्रम शिव मंदिर, लोनिवि परिसर सहित अन्य स्थानों पर स्थित भगवान शिवजी के मंदिरों में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भगवान भोले का अभिषेक किया। कांवड़ियों ने मां नर्मदा नदी का जल कांवड़ में भर कर लाए तथा भगवान शिव का अभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की गई।

## सावन सोमवार : शिवभक्तों ने किया शिवाभिषेक

**दीवानगंज।** सावन के आखिरी सोमवार को शिवालयों में जलाभिषेक करने को कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मंदिरों में कांवड़ियों ने तड़के चार बजे से ही जलाभिषेक करना शुरु कर दिया। सुबह के समय मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ काफी बढ़ गई। मंदिरों के बाहर तक लम्बी-लम्बी लाइनें लग गईं। लाइनों में लगकर श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से शिवलिग पर जलाभिषेक किया।

घंटों की ध्वनि और भोले के जयकारों से मंदिर परिसर पूरे दिन गूंजते रहे। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। दीवानगंज के गुफा मंदिर, खेड़ापति माता हनुमान मंदिर, इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर, पुराने गुरुद्वारा मंदिर , माता जानकी मंदिर, अंबाडी के गणेश मंदिर, माता मंदिर, शिव मंदिर, अयोध्या धाम मंदिर, सेमरा के गायत्री मंदिर, खेड़ापति हनुमान मंदिर सहित ग्रामीण इलाकों के मंदिरों में सुबह से लेकर दोपहर तक भक्तों की भोलेनाथ बाबा पर जल अभिषेक करने की भीड़ नजर आती रही।

क्षेत्र के मंदिरों में आधी रात से ही कांवड़ियों के जत्थे मंदिर पहुंचना शुरू हो गए। कांवड़ियों ने तड़के चार बजे से ही पूजा-अर्चना कर कांवड़ चढ़ानी शुरू कर दीं। मंदिर के बाहर तक श्रद्धालुओं की लाइनें लग गई।

### खबर संक्षेप

## कानपोहरा, हकीमखेड़ी में चल रहा अवैध फर्सी, पत्थर, बोल्डर का खनन



**रायसेन।** ग्राम कानपोहरा, हकीमखेड़ी, याकूबपुर में अवैध पत्थर, फरसी, बोल्डरों की अवैध खुदाई लगातार जारी है। हालांकि जिला खनिज विभाग ने इनमें से कई जगह खदानें दूसरे ठेकेदारों को आवंटित कर दी हैं, ताकि विभाग को राजस्व की राशि का फायदा मिले। लेकिन फिर भी दबंग पत्थर माफिया इन खजाने से खुलेआम अवैध रूप से पत्थर फारसी और बॉर्डर की खनन करके बेच रहे हैं लेकिन माइनिंग विभाग के अधिकारी बजाय इन पत्थर माफियाओं पर कार्रवाई करने के असहाय साबित हो रहे हैं। जिसे खानिज माफिया के हौसले बुलंद हो रहे हैं। जबकि इन खदानों से मुखबिर की सूचना मिलने पर अवैध पत्थर, फरसी, बोल्डरों उत्खनन के मामले में नवागत जिला खनिज अधिकारी महेंद्र पटेल ने 2 ट्रक फार्सियों से भरे जप्त कर खनिज माफियाओं के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की है। इन पत्थर माफिया की छोटी बड़ी सैकड़ो पत्थर खदाने चल रही हैं जो जगह-जगह सुबह से देर रात तक पत्थर, फरसी बनाकर रात्रि में ट्रक व ट्रैक्टर-ट्रालियों में भरवा कर उनके ठिकाने तक बेचकर कमाई कर रहे हैं। बेरोकटोक चल रहे इस पत्थरों के अवैध कारोबार से हर महीने उनकी अच्छी खासी आमदनी हो रही है, जबकि माइनिंग विभाग को राजस्व का घाटा लगातार हो रहा है।

**इनका कहना है**

विभागीय कार्रवाई लगातार चलती रहती है। हमने अभी दो ट्रक फर्सी पकड़ी थी। यह कार्रवाई सतत चलती रहेगी।

- **महेंद्र पटेल**, माइनिंग अधिकारी।

## शिकायतें मिलने पर अस्पताल का बीएमओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दीवानगंज में एक महीने से डॉक्टर की उपस्थिति बहुत ही कम होने के कारण कई दिनों से मरीज परेशान हो रहे थे। साथ ही स्टाफ भी समय पर नहीं पहुंचने की बार-बार शिकायत मिलने पर सोमवार को सांची बीएमओ डॉ रवि राठौर ने अस्पताल पहुंचकर निरीक्षण किया। वहां पर उपस्थित नर्स अन्य स्टाफ और मरीजों से चर्चा कर व्यवस्थाओं को सुधारने पर जोर दिया।

वहीं उन्होंने कहा कि मरीजों को परेशानी होने की शिकायत मिलने पर संबंधितों पर कार्यवाही की जाएगी। बीएमओ द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं का जायजा लिया। प्राथमिक स्वास्थ्य



केंद्र से ग्रामीण क्षेत्र की बड़ी आबादी को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं, इसलिए ओपीडी के निर्धारित समय में स्टाफ ड्यूटी पर उपस्थित रहें। आकस्मिक स्थिति में रात के समय में भी प्रसव की सुविधा उपलब्ध रहे। शाम की ओपीडी में सभी चिकित्सक सेवाएं प्रदान करें।

मरीज को उपचार करवाने में विलंब या कोई परेशानी ना हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। अन्यथा संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## छापामार कार्रवाई में अवैध रूप से परिवहन की जा रही लकड़ी जब्त

### वनकर्मियों पर हमला करने पर थाने में एफआईआर हुई दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

मुख्य वनसंरक्षक वृत्त भोपाल राजेश कुमार खरे के निर्देशन एवं वनमंडलाधिकारी सामान्य रायसेन प्रतिभा शुक्ला के मार्गदर्शन एवं उप वन मंडलाधिकारी सामान्य सिलवानी इंदर सिंह बारे के सहयोग से वन परिक्षेत्र जैथारी अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर अलसुबह ग्राम शालाबर्रु में एक बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 13 जीए 6019 में सागौन इमारती को अवैध परिवहन करते हुए वन स्टाफ द्वारा पीछा कर रोककर वनोपज के संबंध में पूछताछ की गई। अपराधियों द्वारा उक्त वनोपज को जंगल से काटकर लाना बताया।

अवैध सागौन परिवहन करते हुए पाये जाने पर तत्काल मौके पर



वाहन बोलेरो पिकअप, सागौन ईमारती नग 19 एवं एक मोटर साईकिल एमपी 49 जेड डी 6397 एवं आरोपी ईराश पिता हनीफ खान निवासी झिरीयाखेडा, जिला सागर की निशानदेही पर 1 मोटर साईकिल हीरो पेसन एक्सप्रो सीजी 15 सीएल 1580 की जप्ती की कार्यवाही की गई। मौके से 2 आरोपी को गिरफ्तार किया और बाकी आरोपी रात का फायदा उठाकर फरार हो गया।

आरोपी के बताए अनुसार पप्पू खान निवासी खमरिया, सिलवानी के यहां सर्च वारंट लेकर घर पर तलाशी ली गई, जिसमें उसके मकान में सागौन चिरान 28 नग 0.204 घ.मी. वनोपज को जप्त किया। जप्त बाइक को वन अमले द्वारा शालाबर्रु से रेंज कार्यालय जैथारी लाया जा रहा था, जिसको पप्पू खान ने दो सहयोगियों के साथ वन कर्मियों पर हमला कर बाइक छीन ले गए, जिसके संबंध में थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई।

कार्रवाई में उप वन मंडलाधिकारी सामान्य सिलवानी इंदर सिंह बारे, वन परिक्षेत्राधिकारी जैथारी रोहित पटेल, पुलिस चौकी प्रभारी जैथारी अरविंद पांडेय, परिक्षेत्र सहायक घोघरी राकेश बाबू राठौर, वनरक्षक परमेंद्र सिंह भल्लावी, रविंद्र कुमार निर्मन, राजकुमार मर्सकोले, विजय बघेल एवं सुरक्षा श्रमिकों तथा चौकी जैथारी के पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## वीसी के माध्यम से आईजी व एसपी ने ली क्राइम मीटिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

वीडियो कांफ्रेंसिंग में नर्मदापुरम रायसेन पुलिस संभाग के आइजी मिथिलेश शुक्ला और एसपी पंकज कुमार पांडे ने क्राइम मीटिंग ली। बैठक में एएसपी कमलेश कुमार खरपुसे विशेष रूप से मौजूद रहे। अपराधों की समीक्षा करते हुए उन्होंने पुलिस महकमे को कार्रवाई के सतत निर्देश दिए हैं।

बैठक में पुराने लंबित मामलों का जल्द निपटान, संगठित अपराधों पर विशेष रणनीति, अवैध मादक पदार्थों व हथियारों के खिलाफ अभियान, रक्षाबंधन पर्व पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था के साथ जिले में गुमशुदा बच्चों की पतारसी पर विशेष फोकस करने पर चर्चा हुई। चार घंटे चली बैठक में एसपी पांडेय, एएसपी खरपुसे सहित सभी एसडीओपी, डीएसपी और थाना प्रभारी मौजूद रहे।

### हर मोर्चे पर पुलिस

आइजी शुक्ला ने कहा थानों में बेसिक पुलिसिंग को मजबूत किया जाना चाहिए। जनता से बेहतर संवाद हो, ऐसे प्रयास हमें करने होंगे। अपराधिक सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जाए, जिससे जनता का भरोसा पुलिस पर और अधिक मजबूत हो। अपराधियों को कड़ा संदेश जाना चाहिए कि पुलिस हर मोर्चे पर सजग है। अपराधियों पर बिना देरी सतत कार्रवाई की जाए और गंभीर प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। थाना प्रभारी अपने क्षेत्र के गुंडा तत्वों और बदमाशों वारंटियों की सूची बनाकर उन पर सतत कार्रवाई करें। अवैध नशा तस्करी और अवैध हथियार कारोबारियों पर त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए।

### थाना स्तर पर बेसिक पुलिसिंग दिखे

इस पर बैठक में जोर दिया जा रहा है। पुलिस हर मोर्चे पर सजग हो, ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं। ताकि अपराधों पर लगाम लगाई जा सके। एसपी पांडेय ने कहा आपके आदेश का कड़ाई से पालन किया जाएगा। उन्होंने थाना, पुलिस चौकी प्रभारियों को निर्देशत किया कि ड्यूटी के दौरान पूरी तरह से अलर्ट रहें।

## राष्ट्र सम्मान के प्रतीक तिरंगा यात्रा में सहयोग कर हर घर में फहराना है तिरंगा : राकेश शर्मा

### अभियान को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष की मौजूदगी में जिला स्तरीय बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भाजपा जिला कार्यालय में सोमवार को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हर घर तिरंगा यात्रा अभियान के आयोजन को लेकर जिला स्तरीय अपेक्षित पदाधिकारियों की कामकाजी आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के छायाचित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित करने के साथ पुष्प अर्पित करते हुए किया।



इसके पश्चात महामंत्री रविंद्र विजय वर्गीय द्वारा जिला अध्यक्ष श्री शर्मा का भगवा अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। उसके पश्चात जिला अध्यक्ष श्री शर्मा ने जिले के सभी मंडल के अध्यक्ष एवं महामंत्रियों की जानकारी ली एवं उन्हें हर घर तिरंगा यात्रा के बारे में विस्तार से अवगत कराते हुए बताया कि आगामी 10 अगस्त से 14 अगस्त तक तिरंगा यात्राएं अपने अपने क्षेत्रों में आयोजित करना है। इसके साथ ही 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा फहराने का काम जिम्मेदारी के साथ करना है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा हमें जो घर-घर तिरंगा हर घर तिरंगा यात्रा के संबंध में निर्देश मिले हैं । उसके परिपालन में हमें जिले के सभी मंडलों से लेकर बूथ स्तर पर तिरंगा यात्रा के कार्यक्रम निर्धारित तिथि पर प्राथमिकता के साथ करना है। जिसमें ज्यादा से ज्यादा पदाधिकारी एवं भाजपा नेताओं पार्टी कार्यकर्ताओं की भागीदारी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को अपने घरों पर तिरंगा फहराना है और हर घर पर तिरंगा फहरे इसका हमें पूरा ध्यान देना है, तिरंगा यात्रा राष्ट्र के सम्मान का प्रतीक है। जिसके सम्मान में हमें पूरी सक्रियता एवं उत्साह के साथ तिरंगा यात्राओं को सफल बनाने में सहयोग करना है। इसके साथ ही तिरंगा यात्राओं की जानकारी सोशल मीडिया पर भी डाले।रविन्द्र विजयवर्गीय बोले हर घर तिरंगा अभियान से जागेगा राष्ट्र प्रेम तिरंगे संग सेल्फी जरूर लें। देशभर में स्वंत्रता दिवस आजादी के अमृत महोत्सव की तैयारियां हो रही हैं।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा सहित महामंत्री रविंद्र विजय वर्गीय, राजेश पंथी, केशव पटेल उपाध्यक्ष राकेश तोमर सहित अपेक्षित पदाधिकारी सभी मंडल अध्यक्ष महामंत्री एवं अपेक्षित कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता राकेश तोमर ने किया।

### आपदा प्रबंधन अंतर्गत...

## इंसिडेंट रेस्पांस सिस्टम विषय पर दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ह्यूमन एण्ड नेचर डेवलेपमेंट फाउंडेशन के सहयोग से आपदा प्रबंधन अंतर्गत इंसिडेंट रेस्पांस सिस्टम आईआरएस विषय पर प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण के प्रारंभ में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने कहा कि समय पूर्व तैयारियों और बेहतर प्रबंधन से आपदा से होने वाली क्षति को कम किया जा सकता है। आपदा आने पर त्वरित रूप से निर्णय लेने तथा शीघ्र राहत और बचाव कार्य शुरू करने के लिए कार्ययोजना और संसाधनों की उपलब्धता जरूरी है। अधिकारी पूरी गंभीरता से यह प्रशिक्षण प्राप्त करें और किसी भी प्रकार की शंका होने पर समाधान प्राप्त करें।

इस प्रशिक्षण में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, सहायक कलेक्टर कुलदीप पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




### आपदा से राहत के साथ बचाव के बताए उपाय

प्रशिक्षण में आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल के संयुक्त संचालक डॉ जॉर्ज व्ही जोसफ द्वारा जिले की प्राकृतिक तथा मानवनिर्मित आपदा संवेदनशीलता तथा खतरों का विवरण, तहसील और जिला स्तरीय इंसिडेंट रिस्पांस टीम के नामांकित अधिकारियों का आपदा राहत खोज एवं बचाव में दायित्व तथा जिम्मेदारियां, आईआरएस के माध्यम से आपदा राहत खोज एवं बचाव ऑपरेशन सम्पन्न करने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## जैव अपशिष्ट प्रबंधन का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

मप्र विज्ञान प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के सहयोग से बेगमगंज के ग्राम पंचायत सुल्तानगंज में विनायक शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति द्वारा दो दिवसीय जैव अपशिष्ट प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें विज्ञानों द्वारा जैव अपशिष्ट के प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही जैविक खाद बनाने की प्रणाली को भी समझाया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने जैविक खेती के बारे में अनेक जानकारियां प्रदान की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच सुनीत दरयाव सिंह अहिरवार के द्वारा की गई। कार्यक्रम में सहायक सचिव अनुराग श्रीवास्तव सहित किसानों उपस्थित रहे। अंत में सभी किसानों को प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र जारी किए गए तथा अतिथियों को समिति की तरफ से स्मृति चिन्ह बांटे गए। वहीं कार्यक्रम का आभार समन्वयक रघुराज सिंह ठाकुर एवं अनिल यादव के द्वारा किया गया।